महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
A State University-Government of Uttar Pradesh; NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांक : एम.जे.पी.रू.वि./सम्बद्धता/2024/ 14633-46 दिनांक : 19.11.2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/प्रबन्धक/सचिव,
समस्त सम्बद्ध–राजकीय/संघटक/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषय– "संविधान दिवस" दिनांक 26.11.2024 को विश्वविद्यालय/संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ के संलग्न पत्रांक : ई–8516/32–जी0एस0/2024, दिनांक 11 नवम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के माध्यम से "संविधान दिवस" के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः कृपया उक्त के क्रम में **"संविधान दिवस"** के अवसर पर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं पर कार्यक्रमों का आयोजन/गतिविधियाँ संचालित किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा आख्या अधोहस्ताक्षरी को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वित्त अधिकारी।
2. परीक्षा नियन्त्रक।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/चीफ प्राक्टर/क्रीड़ा सचिव/समस्त निदेशक/समस्त वार्डन।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली–मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली।
5. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना।
6. समन्वयक, विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
7. कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना।
8. मीडिया प्रभारी।
9. उप कुलसचिव (प्रशासन/सम्बद्धता)
10. उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)
11. निजी सचिव–कुलपति।
12. प्रभारी, वेबसाईट।
13. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।

कुलसचिव

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

लखनऊ–226027

संख्याःई– 8516 / 32–जी0एस0 / 2024-

दिनांकः 11 नवम्बर, 2024

प्रेषकः

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान
उत्तर प्रदेश।

विषयः "संविधान दिवस" दिनांक 26.11.2024 को विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया दिनांक 26.11.2024 को "संविधान दिवस" के अवसर पर विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के निदेश सक्षम स्तर से प्राप्त हुए हैंः–

(क). संविधान से सम्बन्धित ऐतिहासिक स्थलों का चयन कर विश्वविद्यालय / संस्थान व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाय।

(ख). विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अपने स्तर पर संविधान से सम्बन्धित विषयों को निर्धारित करके विश्वविद्यालय / संस्थान एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं में भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता दिनांक 26.11.2024 को आयोजित की जाय।

(ग). प्रत्येक विश्वविद्यालय / संस्थान के स्तर पर विश्वविद्यालय / संस्थान के छात्रगणों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के मध्य उपर्युक्त प्रस्तर (ख) में अंकित प्रतियोगितायें आयोजित कराई जायें। इन अलग–अलग प्रतियोगिताओं में संस्था / विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं के मध्य प्रतियोगितायें, राजभवन में आयोजित की जायेगी। विश्वविद्यालय / संस्थान से राजभवन को उपर्युक्त सूचनायें प्राप्त होने के पश्चात्, राजभवन स्तर पर आयोजन की तिथि निर्धारित करते हुए, पृथक से सूचित की जायेगी।

2. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि "संविधान दिवस" के अवसर पर उपर्युक्तानुसार अपने–अपने विश्वविद्यालय / संस्थान एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में तदनुसार गतिविधियाँ संचालित कर अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी